

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज

शनिवार

1 अक्टूबर 2022

डिजिटल संस्करण

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


### षष्ठम कात्यायनी



या देवी सर्वभूतेषु माँ कात्यायनी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

## तीन गौ तस्करों की सवा पांच करोड़ की संपत्ति हुई कुर्क, एसपी बोले- अपराधियों की खैर नहीं

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

शुक्रवार को गौ-तस्करों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जिसमें तीन चिन्हित तस्करों की पांच करोड़ रूपयों की संपति की कुर्की की है। इस दौरान गाजीपुर एसपी स्वयं मौजूद थे। उनके अनुसार गिरोह बनाकर तस्करी एवं अन्य वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों पर पुलिस की कार्रवाई जारी है। उन्होंने बताया कि गाजीपुर में पुलिस और राजस्व विभाग टीम ने गोकशी के तीन तस्करों की पांच करोड़ 20 लाख 70 हजार की अचल संपत्ति कुर्क की। डीएम के निर्देश पर धारा



14 (1) के तहत हुई कार्रवाई से खलबली मची रही। टीम द्वारा राजपुर और लोदीपुर खास में इनके द्वारा क्रय की गई भू-संपत्तियों को कुर्क की गई। इलाके में सुरक्षा के दृष्टी से भारी संख्या में पुलिस टीम तैनात रही। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे ने बताया कि तीनों गोतस्कर अकील कुरैशी, गफ्फार कुरैशी एवं वाहिद अली ने

### ☞ तीनों अपराधियों ने अवैध तरीके से धन अर्जित कर बनाई थी संपत्ति

अवैध तरीके से धन अर्जित कर संपत्ति बनाई थी। तीनों ने उक्त संपत्ति को अपने परिजनों के नाम कर रखा था। कार्रवाई करते हुए भू-संपत्ति को कुर्क कर लिया गया। आगे भी अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

एसपी ने बताया कि गहमर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने 27 सितंबर को इन गौ तस्करों की अपराध से बनाई गई अवैध संपत्ति की रिपोर्ट दी थी। इस पर बीते 28 सितंबर को पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे ने संस्तुति की थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई के लिए सुबह आठ बजे पीएसी की टीम पहुंची। इसके बाद राजस्व विभाग की टीम भी पहुंच गई और मुनादी कराई। दोपहर करीब 12 बजे एसपी रोहन पी बोत्रे के पहुंचने के बाद कुर्की की कार्रवाई टीम द्वारा शुरू की गई। कसाई मुहल्ला निवासी गौ तस्कर अकील कुरैशी उर्फ मुहम्मद अकील अजहर ने 20 अक्तूबर 2020 को अपने और भाई आरिफ विकार के नाम से मौजा राजपुर में 960 वर्ग मीटर जमीन खरीदी थी। 17 जुलाई 2018 को अपने बहनोई जुबेर कुरैशी और बहनोई के भाई एकराम कुरैशी के नाम से राजपुर में 633.3 वर्ग मीटर जमीन खरीद थी। वहीं 28 नवंबर 2017 को अपने सहयोगी समीर, शैफ के पिता वाजिद के नाम से राजपुर 69.663 वर्ग मीटर जमीन खरीदी थी। सात जनवरी 2011 को सहयोगी मकनू कुरैशी, सरवर कुरैशी, एकलाख कुरैशी के नाम से लोदीपुर खास में 126.66 वर्ग मीटर जमीन खरीदी थी। 21 मार्च 2014 को सहयोगी मकनू कुरैशी, सरवर कुरैशी, कुरैशा बेगम के नाम से लोदीपुर खास में 111.71 वर्ग मीटर जमीन खरीदी थी। इन जमीनों की कीमत चार करोड़ 19 लाख, 70 हजार रुपये है। इन्हें कुर्क कर लिया गया। दूसरे गो तस्कर कसाई मुहल्ला निवासी गफ्फार कुरैशी ने राजपुर मौजा में 253.32 वर्ग मीटर जमीन खरीदी थी। करीब 55 लाख की यह संपत्ति कुर्क कर ली गई। तीसरे गो तस्कर कसाई मुहल्ला निवासी वाहिद अली उर्फ वाहिद कुरैशी ने 12 फरवरी 2021 को अपने नाम से लोदीपुर मौजा में 138.25 वर्ग मीटर जमीन, 11 अगस्त 2020 को अपने भाई जाहिद अली के नाम से 63.33 वर्ग मीटर जमीन खरीदी थी। दोनों की कीमत 46 लाख रुपये है। दोनों जमीन कुर्क कर ली गई।

### देवड़ी मंदिर में मां दुर्गा का भक्त करेंगे ऑनलाइन दर्शन

**रांची।** नवरात्र में भीड़ को देखते हुए इस बार देवड़ी मंदिर की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। भक्त घर बैठे ही मंदिर में स्थापित मां दुर्गा का ऑनलाइन दर्शन कर सकेंगे। इसके साथ ही सुबह-शाम की पूजा-आरती में ऑनलाइन शामिल भी हो सकेंगे। करीब 700 साल पुराने मंदिर की संरचना की आंतरिक मरम्मत और रंग-रोगन भी कराया जा रहा है। माता का दर्शन करने के बाद भक्त जिस स्थान पर नारियल फोड़ते हैं, उसका दायरा भी बढ़ाया गया है। अब अधिक संख्या में भक्त वहां नारियल फोड़ सकेंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से मंदिर परिसर में 16 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। रांची से करीब 60 किमी दूर मां देवड़ी मंदिर का विशेष महत्व है। यहां देश-दुनिया से श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धौनी भी अक्सर मां के दरबार में हाजिरी लगाते हैं। बुंडू एसडीओ सह मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अजय साव ने कहा कि नवरात्र में भीड़ के कारण काफी श्रद्धालु नहीं आ पाते हैं। उनके लिए घर बैठे लाइव दर्शन की व्यवस्था की जा रही है। वेबसाइट तैयार हो गई है।

# सीएम बनने की अटकलों पर तेजस्वी ने तोड़ी चुप्पी, कहा- अभी मेरी ऐसी कोई लालसा नहीं

## पहले राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, फिर विधायक भाई वीरेंद्र ने तेजस्वी के जल्द सीएम बनने का किया दावा

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के राजनीतिक परिदृश्य में इन दिनों रोज एक अनोखी पटकथा लिखी जा रही है। पटकथा ऐसी है, जो सीएम नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के इर्द-गिर्द घूम रही है। ताजा सीन लालू के लाल व वर्तमान उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से जुड़ा है। राजनीतिक गलियारे में उनके सीएम पद की कुर्सी संभालने की अटकलें तेज हो गई हैं। पहले शिवानंद तिवारी उसके बाद गुरुवार को राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, उसके बाद शुक्रवार को राजद नेता भाई वीरेंद्र ने दावा किया है कि तेजस्वी यादव जल्द ही



मुख्यमंत्री बनेंगे। हालांकि इन सब अटकलों को विराम देते हुए तेजस्वी यादव ने साफ किया है कि फिलहाल उनकी ऐसी कोई लालसा नहीं है। उनका पूरा फोकस भाजपा को सत्ता से दूर करना है। इस संदर्भ में अभी तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कोई बयान नहीं दिया है।

**जगदानंद सिंह ने अपने बयान पर दी सफाई :** दरअसल, राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने गुरुवार को बयान जारी किया था। इसमें उन्होंने कहा था कि 2023 में तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे और केंद्र की राजनीति नीतीश कुमार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि उपमुख्यमंत्री कोई संवैधानिक पद नहीं होता है। यह क्रिएट किया हुआ पद है। हालांकि इसके बाद जगदानंद सिंह ने मीडिया पर उनकी बातों को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया। अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने ये कहा था कि 'जब नीतीश कुमार केंद्र की राजनीति में चले जाएंगे, तो बिहार का सिंहासन खाली थोड़े ही रहेगा। ऐसे में बिहार की कमान तेजस्वी यादव संभालेंगे'।

**सुशील मोदी ने ली चुटकी, कहा- लालूजी तेजस्वी को तुरंत सीएम बना दें :** आरजेडी नेताओं के तेजस्वी को सीएम बनाने के बयान पर बीजेपी नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी ने चुटकी ली है। उन्होंने बयान जारी कर तेजस्वी यादव को सीएम बनाने का पूरा प्लान लालू यादव को बताया है। उन्होंने कहा है कि जगदानंद सिंह गलतफहमी में हैं कि 2023 में नीतीश कुमार तेजस्वी यादव को बिहार की गद्दी सौंप देंगे। तेजस्वी को सीएम बनाना है तो जदयू के पांच विधायकों को तोड़ दीजिए। लालू जी स्पीकर भी आपका है। नीतीश जी कुछ नहीं कर पाएंगे। उन्हें पता है कि वे इधर के रहेंगे न उधर के। आपका बेटा सीएम बन जाएगा। उन्होंने कहा, 'भले नीतीश कुमार ने कोई डील की हो लेकिन, आज तक उन्होंने किसी भी डील को पूरा नहीं किया है। धोखा देना उनकी फितरत है। दो बार उन्होंने भाजपा को धोखा दिया, दो बार उन्होंने लालू यादव को धोखा दिया, तीन बार उन्होंने बिहार की जनता को धोखा दिया, जीतन राम मांझी को धोखा दिया। तो जगदानंद सिंह यह समझ रहे हैं नीतीश कुमार तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बना देंगे तो यह पूरी तरह से भ्रम में हैं। कभी भी नीतीश कुमार पर भरोसा मत कीजिएगा, वह भरोसे के लायक नहीं हैं।'

### तेजस्वी को लेकर इसलिए लग रहे कयास

तेजस्वी यादव को सीएम बनाए जाने को लेकर लग रहे कयास का बड़ा कारण यह है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पूरा ध्यान इस समय लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा विरोधी पार्टियों को एकजुट करने पर है। हाल ही में हरियाणा के फतेहाबाद में पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल की जयंती के मौके पर विपक्षी पार्टियों का जुटान हुआ था। इसमें देश के कई पार्टियों के कद्दावर नेता शामिल हुए थे। नीतीश कुमार ने मंच से 2024 में बीजेपी को सत्ता से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया था। उनकी इस कोशिश को उनके पीएम पद की दावेदारी के तौर पर देखा जा रहा है। इन सबके बीच तेजस्वी को सीएम बनाने की बात नीतीश के केंद्रीय राजनीति में जाने की संभावनाओं पर निर्भर है।

### आज से शुरू होगा बालू घाटों पर खनन, दूर होगी बालू की किल्लत



**पटना।** पिछले तीन महीने से बालू की किल्लत झेल रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। बिहार में एक अक्टूबर से बालू का खनन शुरू हो जाएगा। जानकारी के अनुसार अगले 3 महीने तक पुराने बंदोबस्तधारी ही बालू घाटों पर खनन करेंगे। बालू की किल्लत और बढ़ती कीमतों को देखते हुए सरकार ने 3 महीने के लिए उनके कॉन्ट्रैक्ट को विस्तार दिया है। बताया गया है कि नया प्रावधान 1 अक्टूबर से ही लागू हो जाएगा। खनन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 25 दिसंबर तक इन एजेंसियों के पास बालू खनन का अधिकार रहेगा। इस दौरान प्रशासन की कड़ी निगरानी और देखरेख में बालू का खनन किया जाएगा ताकि आम लोगों को बालू की किल्लत से निजात दिलाया जा सके।

## सौहार्द्र बिगाड़ने की साजिश: तोड़ी गई सिकठी काली मंदिर में स्थापित देवी की पिंडिया

- ग्रामीणों की शिकायत पर चार को हिरासत में ले पूछताछ कर रही है पुलिस

**केटी न्यूज/चौसा (बक्सर)**

नवरात्र के पवित्र महीने में असमाजिक तत्व अपनी शरारतों से बाज नहीं आ रहे है। असामाजिक तत्वों ने धनसोई थाना क्षेत्र के सिकठी गांव के काली मंदिर में स्थापित देवी की पिंडियों को तोड़ सौहार्द बिगाड़ने की गहरी साजिश की है। घटना गुरुवार रात की है। सुबह मैं जब श्रद्धालु पूजा पाठ करने पहुंचे और देवी की पिंडियो के साथ ही मंदिर परिषद तथा उसके



मंदिर के बाहर उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

बाहर स्थापित अन्य देवियों के स्थल को टूटा फूटा देख आक्रोशित हो गए। जंगल की आग की तरह यह खबर पूरे गांव में फैल गई। देखते ही देखते वहां सैकड़ों ग्रामीण जमा हो गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना धनसोई थाने की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय सदल बल वहां पहुंचे तथा मामले की जांच शुरू कर दिए। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें 2 दिन पहले हुई एक घटना के बारे में भी जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस तेवर चढ़ गए। जाहिर है पुलिस भी यह समझ चुकी थी कि यहां जानबूझकर सौहार्द बिगाड़ने की साजिश की गई है।

इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेह के आधार पर 4 लोगों को हिरासत में ले लिया। इधर मंदिर के पुजारी तथा ग्रामीणों ने अज्ञात शरारती तत्व पर स्थानीय थाने में मामला भी दर्ज करा दिया। नवरात्र में काली मंदिर में कोई तोड़फोड़ तथा पिंडियों को क्षतिग्रस्त करने की घटना से ग्रामीण काफी आहत है। ग्रामीणों ने आरोपियों को चिन्हित कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। गौरतलब है कि पिछले महीना डुमरांव थाना क्षेत्र के पीड़िया गांव में भी ऐसे ही घटना हुई थी। यहां भी गांव से बाहर स्थापित मां काली मंदिर के पिंडियों के साथ हनुमान जी की मूर्ति को क्षतिग्रस्त किया गया था।

थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने कहा कि पुलिस इस मामले को काफी गंभीरता से ले रही है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को हिरासत में ले पूछताछ किया जा रहा है। सौहार्द बिगाड़ने वालों तथा नफरत फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील भी की।

## राजपुर ट्रिपल मर्डर केस का मुख्य आरोपी 50 हजार का इनामी मुन्ना राजभर समेत दो गिरफ्तार

- काफी दिनों से पुलिस को दे रहा था चकमा मुन्ना, बलिया से हुआ गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के राजपुर थाना अंतर्गत लक्ष्मणपुर डेरा गांव में 13 अप्रैल 2017 को हुए ट्रिपल मर्डर केस का मुख्य आरोपी मुन्ना राजभर को आखरिकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बक्सर पुलिस ने 50 हजार रुपये के इनामी मुन्ना राजभर को उसके शागिर्द के साथ बलिया से धर दबोचा। जिसके बाद पुलिस उससे पूछताछ करने में लगी हुई है। घटना में बताया जाता है कि 13 अप्रैल 2017 की देर रात लक्ष्मणपुर डेरा में घर में घुसकर अपराधियों ने तीन लोगों को गोलियों से छलनी कर मौत के घाट उतार दिया था। इस दौरान घर में मौजूद मृतक की पत्नी व बच्चों पर भी गोलियां चलाई गई थी। पर खंभे की आड़ मिल जाने के कारण उन सभी की जान बच गई। हत्या की इस घटना के बाद से ही इस बात के कयास लगाए जा रहे थे कि सात वर्ष पूर्व बिहार के कुख्यात अपराधी सुरेश राजभर के एंकाउंटर से इस हत्याकांड के तार जुड़े हैं। तब हत्यारों के शिकार बने रामबचन राय व संतोष राय पर पुलिस की मुखबिरी करने के आरोप लगाए गए थे। जिसका बदला लेने की नीयत से सुरेश राजभर का भाई मुन्ना राजभर ने इस लोमहर्षक हत्याकांड को अंजाम दिया। हालांकि मामले में पुलिस अभी कुछ सीधे तौर पर बताने से कतरा रही है।

## हत्या के तीन साल बाद कोर्ट के आदेश पर तीन सगे भाइयों पर दर्ज हुई प्राथमिकी

**केटी न्यूज/बांसडीह**

तीन वर्ष बाद पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर सौतेले भाई की तहरीर पर तीन सगे भाइयों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। इसमें पुलिस का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत करने के बाद मामले की छानबीन की जा रही है। थाना क्षेत्र के गजियापुर निवासी रामबचन वर्मा ने कोर्ट में धारा 156 (3) के तहत वाद दाखिल किया। उन्होंने न्यायालय को बताया कि 18 नवम्बर 2019 को मेरे दो पुत्र अनिल व सुनील शंकरपुर गये थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। इसके बाद उनकी खोजबीन की गयी, परन्तु सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसके पिता कन्हई कोइरी ने दो शादी थी। पहली पत्नी रजमुनिया से रामजन्म, रामबचन व शिवबचन तथा दूसरी पत्नी दुलरिया से रामजी, लक्ष्मण व भरत पैदा हुए। कन्हई व रजमुनिया की मौत हो चुकी है, जबकि दुलरिया अभी जिवित हैं। उन्होंने लिखा है कि पुश्तैनी जमीन को लेकर सौतले भाइयों से मुकदमा चल रहा है। इसमें सुलह करने के लिये रामजी, लक्ष्मण व भरत दबाव बनाते थे तथा धमकी देते थे। उनका आरोप है कि बेटों के गायब होने के बाद आरोपितों ने कहा कि पहले मुकदमा में सुलह कर लों, लड़के आ जायेंगे। उन्होंने आरोप लगाया है कि मेरे दोनों लड़कों का अपहरण करने के बाद हत्या कर लाश को गायब कर दिया था।

# टीबी के बारे में लोगों को किया जाएगा जागरूक

- स्वास्थ्य सुविधाओं से समुदाय को जोड़ने में टीबी चैंपियंस की भूमिका अहम
- जिलों के टीबी चैंपियंस संचार कौशल की उपयोगिता पर किये गए प्रशिक्षित
- रीच संस्था के तत्वावधान में टेक महिंद्रा के विशेषज्ञों ने दिया प्रशिक्षण

**केटी न्यूज/पटना**

रीच संस्था द्वारा राज्य यक्ष्मा कोषांग के सहयोग से टीबी चैंपियंस



को संचार कौशल की महत्ता एवं इसके विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से पटना स्थित एक निजी होटल में चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आज समापन किया गया। कार्यशाला के अंतर्गत टीबी चैंपियंस (जो टीबी मुक्त वाहिनी नेटवर्क से जुड़े है) को अपने दैनिक जीवन के कार्य एवं अनुभवों के अनुरूप सामाजिक जागरूकता के लिए टीबी बीमारी से संबंधित प्रभावशाली रणनीति योजना एवं प्रबंधन, नारे, नुक्कड़ नाटक, कविता एवं गाने के माध्यम से समुदाय एवं टीबी मरीजों को प्रभावशाली तरीके से परामर्श देने के गुर सिखाये गए।

**टीबी चैंपियंस संचार कौशल की उपयोगिता पर किये गए प्रशिक्षित:** चार दिवसीय कार्यशाला में 84 टीबी चैंपियंस को संचार कौशल की महत्ता एवं इसके विभिन्न तरीकों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। ये सभी प्रतिभागी राज्य के 7 जिले क्रमशः पटना, गया, सारण, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, दरभंगा एवं पुर्णिया से आये थे। रीच संस्था के तत्वावधान में टेक महिंद्रा के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को कौशल संचार के विभिन्न आयामों के बारे में अवगत कराया और प्रशिक्षण दिया।

**84 टीबी चैंपियंस करेंगे समुदाय को जागरूक :** उक्त कार्यशाला के बारे में बताते हुए राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, यक्ष्मा डॉ. बीके मिश्र ने कहा कि जागरूकता का अभाव टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में सबसे बड़ी बाधा है। कार्यशाला में प्रशिक्षित सभी 84 टीबी चैंपियंस ह्लराष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रमह्व के तहत इस संक्रामक रोग के बारे में समुदाय को जागरूक करेंगे एवं अपने अपने जिलों, प्रखंडों तथा पंचायत स्तर पर समुदाय एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के बीच अंतर को भरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। डॉ. मिश्र ने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत ये टीबी चैंपियंस अपने संचार कौशल के माध्यम से लोगों को टीबी बीमारी के लक्षण, निःशुल्क जांच एवं निशुल्क उपचार एवं सरकार द्वारा दी जाने वाली पोषण राशि के बारे में जागरूक करेंगे।

कार्यशाला में रीच संस्था के स्टेट ऑपरेशन लीड बिपिन कुमार सिंह, संस्थान के अन्य कर्मी, टेक महिंद्रा की ओर से प्रशिक्षक आदित्य एवं नकुल, सुदेश्वर सिंह, टीबी मुक्त वाहिनी के अलावा चयनित 7 जिलों के रीच संस्था के जिला सामुदायिक समन्वयक मौजूद थे।

CMYK

## शहर छोटी खबरें

### डीडीसी ने मनरेगा कार्यों का किया निरीक्षण

**जहानाबाद।** काको प्रखंड अंतगर्त सुलेमानपुर एंव बढ़ौना पंचायत में डीडीसी पारितोष कुमार ने आज मनरेगा योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण में डीडीसी ने मनरेगा योजना के तहत पेवर ब्लॉक, नाली निर्माण, पौधरोपण कार्य इत्यादि का निरीक्षण कर संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया। पेवर ब्लॉक का कार्य मनरेगा के तहत हाटी उच्च विद्यालय में किया गया था। जिसमें पाया गया कि योजना का बोर्ड नहीं लगाया गया है, उसे अविलंब लगवाने का निदेश दिया। डीडीसी ने बढ़ौना पंचायत मे विभिन्न किसानों के यहां पौधरोपण कार्य का निरीक्षण किया गया। पौधों की उत्तरजीविता अच्छी पाई गई। पौधों को थोड़ी दूरी पर लगाया गया था, जिसके लिए पंचायत रोजगार सेवक को निर्देश दिया गया कि जिन स्थलों पर पौधे नहीं लगाए गए हैं वहां लगवाएं एवं स्थल पर योजना का बोर्ड तथा घेराबंदी का कार्य करवाएं।

### सड़कों पर दौड़ रही काली फिल्म लगी गाड़ियां

**बक्सर।** सख्त नियम बने के बाद भी काली फिल्म लगे वाहन बेरोकटोक फरार्टा भर रहे हैं। लेकिन इस ओर प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। प्रशासन ने वाहनों के लगे शीशे पर काली फिल्म लगाने पर प्रतिबंध लगा रखा है। इसके बाद भी तमाम वाहन स्वामी परिवहन नियमों को धता बता कर वाहनों में काली फिल्म लगवा रहे हैं। ऐसे वाहनों से फिल्म उतरवाने के निर्देश हैं। परिवहन विभाग के उदासिनता व पुलिस की लापवाही के कारण लगाम नहीं लग रहा है। इसमें चार पहिया वाहनों के शीशे पर काली फिल्म होने पर चालन कर फिल्म हटवाई जाती है। इसके साथ ही वाहनों की नाम पट्टिका, हूटर व ओवरलोड की वाहनों पर कार्रवाई की जाती है। कोर्ट और अधिकारी के निदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इसका नजारा अनुमंडल के अधिकांश सड़कों पर देखने को मिल रहा है। जहां पर थोड़े ही समय में काली फिल्म के कई वाहन आवाजाही करते नजर आ रहे हैं। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में वाहन स्वामियों ने गाड़ियों के शीशे पर काली फिल्म लगाकर चलने का शौक सा बना लिया है। इसके अलावा शहर में भी यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाईं जा रही हैं। स्थानीय नेताओं व रसूखदार व्यक्तियों पर यातायात पुलिस हाथ रखने से भी कतरा रही है। लोग दोपहिया वाहन पर तीन लोग बैठकर यात्रा कर रहे हैं।

# अम्बा डांडिया नाइट ने छठे साल भी मचाया धूम, परिवार के साथ खूब थिरके लोग







**केटी न्यूज/आरा**

नवरात्रि के शुभ अवसर गुरुवार को आरा के होटल ग्रांड में इस बार अम्बा ने अपना छठा डांडिया नाइट्स का आयोजन सम्पन्न हुआ। पिछले पांच सालों से अपने शानदार आयोजन से लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाने वाले आयोजनकताओं ने इस बार भी अपने शानदार आयोजन से लोगों का दिल जीत लिया, जिसका प्रमाण डांडिया नाइट में डांस की मस्ती में धमाल करते लोगों को देखने के बाद मिला। आयोजन की शुरूआत मां दुर्गा की आरती के साथ संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मेयर प्रत्याशी नीतू तिवारी और उनके पति श्रीधर तिवारी शामिल हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन अभय विश्वास भट्ट और ओपी कश्यप ने किया। नीतू तिवारी ने डांडिया उत्सव में शामिल लोगों का स्वागत करते हुए नवरात्रि की बधाई दी और शहर को व्यवस्थित और सुंदर बनाने के लिए योग्य प्रत्याशी को ही वोट देने का अपील किया। मुख्य अतिथियों ने लोगों के साथ डांडिया भी खेला।

आयोजन के बीच विशिष्ट अतिथि के रूप मेयर प्रत्याशी इंदु देवी और पूर्व डिप्टी मेयर और दूसरी बार वार्ड 6 की निर्विरोध चुनी गयी पार्षद मालती देवी भी डांडिया उत्सव में पहुंची जहां माता रानी की पूजा अर्चना के बाद उन्होंने लोगों से संवाद किया और डांडिया भी खेला। बताते चलें कि अम्बा के उत्सव में इंदु देवी के पति प्रेम पंकज लगातार शामिल होते रहे हैं। वे अम्बा के सक्रिय सदस्यों में से एक हैं। आगत अतिथियों को आयोजन समिति की ओर से चुनरी से सम्मानित किया गया, जिसे डांडिया उत्सव में शामिल महिलाओं ने चुनरी से सम्मानित किया। आयोजन के आखिरी क्षण में मेयर प्रत्याशी रेखा तिवारी और उनके पति जितेंद्र शुक्ला भी डांडिया उत्सव में शामिल हुए। जहां दोनों लोगों ने लोगों से अपील के बाद कार्यक्रम के अंत तक डांडिया का लुत्फ उठाया।

इस बार भी पहली बार आयोजन में आने वाले लोगों ने अम्बा के फ्री डांडिया वर्कशॉप में डांडिया सीखा और धमाल में गुरुवार को शामिल हुए। आयोजक समिति के अध्यक्ष ओपी पांडेय ने कहा कि अम्बा अगर इस बार छठा साल भी आयोजन कर पाई है तो यह शहर के लोगों के प्यार की बदौलत। हमने पहले साल पूरी फैमली को एक जगह जोड़ने की कोशिश की थी, जो आज सफल रहा और लोग अपने बच्चों और बुजुर्गों को डांडिया के बहाने नवरात्रि में ही सही पर एक साथ उत्सव में शामिल तो करते हैं। परिवार को एक साथ देखने के बाद अच्छा लागता है कि हम परिवार के लोगों को अपने मंच से खुशी दे पा रहे हैं। आयोजन में शहर के चर्चित डॉक्टर, डॉ. विकास सिंह, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. राजीव रंजन भी अपने फॅमिली के साथ डांडिया के रस में डूबे देखे गए। आयोजक सचिव मनीष सिंह दुलदुल ने कहा कि इस बार आने वाले आगंतुकों को क्योंकि एआईएम (आर्ट इन मोशन ) डांस अकादमी का शामिल होना हमारे लिए गर्व की बात है। आयोजक उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच संचालन अभय विश्वास भट्ट और ओपी कश्यप ने किया। आयोजन समिति में शामिल लोगों में अभिषेक द्विवेदी, राहुल सिंह सरकार, नमस्ते जी, अंजली सिंह, प्रियांशु भास्कर पाठक, अपूर्वा, मनीषा, स्नेहा, अभिषेक, विवेक, मनोज श्रीवास्तव और विशाल शमील थे।

# मॉर्निंग वाक पर निकले ठेकेदार को अज्ञात अपराधियों ने पिछे से मारी गोली, गंभीर

- बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने पीछे से ठेकेदार पर किया जानलेवा हमला
- भाई का विधायक के करीबी पर लगाया घटना को अंजाम देने का आरोप



**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय स्थित नवादा थाना क्षेत्र के कतिरा स्थित? फ्रेंडस कॉलोनी में शुक्रवार की अहले सुबह बदमाशों ने पूर्व मुखिया के बेटे को गोली मार दी गयी। पेशे से ठेकेदार पूर्व मुखिया के बेटे को मॉर्निंग के दौरान गोली मारी गयी है। गोली उनकी दायीं साइड पीठ में लगी है। उससे उनकी हालत गंभीर बनी है। उनका इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट अस्पताल में कराया जा रहा है। डॉक्टर द्वारा ऑपरेशन कर गोली निकाल दी गयी है। जख्मी ठेकेदार मूल रूप से गड़हनी थाना क्षेत्र के लहरपा गांव निवासी रमेश सिंह के 42 वर्षीय पुत्र बबलू सिंह हैं। वह भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता हैं और जिला पंचायती राज प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी सदस्य भी रह चुके हैं। फिलहाल अपने परिवार के साथ आरा फ्रेंड्स कॉलोनी में रहते हैं। उनकी मां प्रेमा देवी पूर्व में अगिआंव पंचायत की मुखिया रह चुकी हैं। दो बाइक सवार बदमाशों द्वारा गोली मारी गई है। हमलावरों की संख्या चार है, जो नकाबपोश थे। ठेकेदार के भाई रितेश कुमार सिंह उर्फ भुअर सिंह द्वारा स्थानीय पंचायत की मुखिया के बेटे पर गोली मारने का आरोप लगाया गया है। भुअर सिंह के अनुसार मुखिया और उनके पुत्र विधायक के नजदीकी हैं।? इधर, घटना की सूचना मिलने पर एएसपी हिमांशु और नवादा थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह अस्पताल पहुंच गये। इस दौरान अफसरों ने ठेकेदार के परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस मामले की छानबीन और बदमाशों की पहचान में जुट गयी है। इसके लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। एएसपी ने कहा कि मामले छानबीन की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज का भी अवलोकन किया जा रहा है। डीआईयू टीम भी लगी है। जख्मी का बयान आने के बाद ही घटना का कारण स्पष्ट हो पाएगा। इधर, सूत्रों के अनुसार पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को उठाया है।

**घर के पास टहलने के दौरान पीछे से मारी गई गोली :** बताया जा रहा है कि ठेकेदार बबलू सिंह हर रोज की तरह शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे मार्निंग वॉक पर निकले थे। वह अपने घर के पास ही गली में टहल रहे थे। तभी बाइक सवार बदमाश पहुंचे और उनको पीछे से गोली मार दी। गोली लगते ही वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े। इधर, गोली की आवाज सुनकर उनके और आसपास के लोग दौड़ पड़े। तबतक बदमाश घटनास्थल से भाग चुके थे। उसके बाद उनको इलाज के लिए बाबू बाजार स्थित अस्पताल ले` लाया गया। इधर, शुक्रवार सुबह पौ फटते ही ठेकेदार को गोली मारे जाने की घटना से शहर में सनसनी मच गयी। लोगों में दहशत भी पैदा हो गयी। कहा जा रहा कि कुछ लोगों की तो नींद गोली की आवाज सुन टूटी। बाद में पुलिस पहुंची और छानबीन की गई। बताया जा रहा है कि घटना सीसीटीवी में कैद हो गया है। उस आधार पर बदमाशों की पहचान भी कर ली गयी है। अब पुलिस सभी की धरपकड़ में जुटी है।

**गांव के एक व्यक्ति ने दी थी जान से मारने की धमकी :** रितेश कुमार सिंह उर्फ भुअर सिंह ने बताया कि उनके भाई बबलू सिंह एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। पूर्व में मुखिया प्रतिनिधि के रूप में पंचायत का काम भी देखते थे। कुछ समय पहले एक योजना के तहत पंचायत में काम हुआ था। उसे लेकर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा योजना में धांधली की बात कही जा रही थी। इस पर उनके भाई ने कहा था कि यदि योजना में गड़बड़ी है, तो अधिकारी से जांच करा लीजिए। इसको लेकर उस व्यक्ति से विवाद चला रहा है। इसके अलावे फिलहाल पंचायत में योजना चल रही। उसमें गड़बड़ी की जा रही है। उसे लेकर बबलू सिंह द्वारा उसे अच्छे से काम करने की सलाह दी गयी थी।उसी विवाद को लेकर उस व्यक्ति के पुत्र द्वारा पूरे परिवार को गोली मारने की भी धमकी भी दी गयी थी। बहरहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। दे

**देसी कट्टे से मारी गई गोली :** पूर्व मुखिया के ठेकेदार बेटे बबलू सिंह को देसी कट्टा से गोली मारी गयी है। एएसपी द्वारा इसकी पुष्टि की गयी है। ऑपरेशन के दौरान निकले बुलेट से भी कट्टा से गोली मारने की पुष्टि हुई है।? इधर, सर्जन डॉक्टर विकास सिंह ने बताया कि बीपी काफी लो था और खून भी काफी बह गया है। गोली निकाल दी गई है, लेकिन स्थिति गंभीर है। चेस्ट खोल ट्यूब लगा दिया गया है।

## ठनका गिरने से किसान की मौत

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के चौरी थाना क्षेत्र के अंधारी गांव स्थित सोन नदी के तट पर गुरुवार को ठनका गिरने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहवान चौरी थाना क्षेत्र के अंधारी गांव निवासी स्व. प्यारचन चौधरी के पुत्र लल्लू चौधरी हैं एवं वह पेशे से किसान थे। मृतक के बेटे सत्येंद्र चौधरी ने बताया कि उसके पिता जी प्रतिदिन गांव में ही स्थित सोन नदी के बीच तट पर पंद्रह कठ्ठे में खेती करने जाते थे। घटना के दिन भी वह सोन नदी तट पर परवल की खेती करने गए थे। इस बीच तेज बारिश शुरू हो गई। सोन के बीचों बीच छुपने की कोई जगह नहीं थी, उसी दौरान अचानक ठनका उन पर गिर पड़ा। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिसके बाद वहां मौजूद खेत में काम कर रहे स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

## दिल्ली-बदायूं हाईवे पर सड़क दुर्घटना में रोहतास के 12 लोग जख्मी, पांच की हालत गंभीर

**केटी न्यूज/रोहतास**

यूपी के बुदंलशहर इलाके में दिल्ली-बदायूं हाईवे पर गुरुवार देर रात ग्राम कसेरकला के फ्लाईओवर पर कार-ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर के बाद ट्रॉली पलट गई। जिसे सीधा करते 12 लोगों को पीछे से आए ट्रक ने रौंद दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने 5 लोगों की हालत नाजुक देख अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। गुरुवार देर रात दिल्ली-बदायूं स्टेट हाईवे पर ग्राम कसेर कलां के फ्लाईओवर पर कार और ट्रैक्टर ट्रॉली की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में ट्रैक्टर ट्रॉली बीच सड़क पर पलट गई। गांव के कुछ लोग ट्रैक्टर ट्रॉली को सीधा कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने ट्रॉली सीधा कर रहे लोगों को रौंद दिया। इनमें से पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की खबर पाकर पहुंचे डीएम और एसएसपी श्लोक कुमार ने घायलों का हाल जाना। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना में रोहतास के अमर सिंह 50 वर्ष, निरमा पत्नी ज्ञानी 50 वर्ष, शिवम पुत्र नागेंद्र 13 वर्ष, कृष्ण गोपाल पुत्र मानसिंह 25 वर्ष, नरेश कुमार पुत्र रतन सिंह 22 वर्ष, अभिषेक पुत्र प्रमोद कुमार 21 वर्ष, बाल किशन पुत्र गंगा प्रसाद 23 वर्ष, मनोज पुत्र पूरन सिंह 25 वर्ष, सोमवीर सिंह पुत्र चंद्रसेन 30 वर्ष, दीपक पुत्र पूरन सिंह 17 वर्ष, धर्मेंद्र पुत्र विजय पाल सिंह 40 वर्ष, पुष्पेंद्र पुत्र चंद्रपाल सिंह 20 वर्ष उपरोक्त निवासी ग्राम कसेर कलां थाना डिबाई घायल हो गए।

## एक नजर

### जनता दरबार में जिलाधिकारी ने सुनी लोगों की समस्याएं



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पांडेय ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के आमजनों के परिवादों को सुना गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को उक्त परिवादों के निष्पादन हेतु आवश्यक निदेश दिया गया। जिलाधिकारी के जनता दरबार मे लगभग 85 परिवाद प्राप्त हुए। जिनमें भूमि विवाद, नल जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, आपदा प्रबंधन शाखा, आईसीडीएस सहित अन्य कार्यालयों से संबंधित थे। जिलाधिकारी ने परिवादियों की समस्याओं को सुना गया एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार में आए सभी मामलों को विशेष रुप से ध्यान देते हुए ससमय निष्पादन करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। जनता दरबार में प्राप्त परिवाद संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया एवं कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को दूरभाष पर सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। वैसे मामले जो लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत आते हैं, उन्हें सुनवाई हेतु पंजीकृत किया गया और ऐसे मामले जो इसके अंतर्गत नहीं है उन पर कार्रवाई करते हुए, संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन करने एवं प्रतिवेदन भेजने के लिए निर्देशित किया गया।

### छेड़खानी का विरोध करने वाली नाबालिग की हत्या में बेटे को आजीवन कारावास, मां बरी

**सासाराम।** शुक्रवार को तीन साल पुराने मामले में बेटे को आजीवन, कारावास की सजा सुनाई है। वही मां को साबुत के अभाव में कोर्ट ने बरी कर दिया है। यह मामला नगर थाना क्षेत्र में छेड़खानी का विरोध करने पर किशोरी की हत्या करने के मामले में दोषसिद्ध अभियुक्त के सजा सुनाई है। इस मामले पर विशेष अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई की। मामले में अपर जिला जज छह रामजी प्रसाद यादव की विशेष पॉकसो अधिनियम के तहत अदालत ने अभियुक्त नगर थाना क्षेत्र के लखनुसराय मोहल्ले के मिंटू कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही विभिन्न धाराओं में उस पर 22 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना जमा नहीं करने पर अभियुक्त को तीन माह की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। विशेष अदालत का कहना था कि अभियुक्त का कृत्य बहुत घृणित ही नहीं बल्कि अत्याचार पूर्ण है। वहीं, विशेष अदालत ने मामले की आरोपित अभियुक्त की मां जमुना देवी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था। हाईकोर्ट के आदेश पर मामले की स्पीडी ट्रायल के तहत सुनवाई पूरी हुई। मामले की प्राथमिकी किशोरी के पिता ने दर्ज करायी थी।

### चौकीदार के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार के मामले दो को जेल

**नोखा।** शुक्रवार का थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव के समीप एक चौकीदार के साथ दुर्व्यवहार एवं मारपीट मामले में पुलिस द्वारा आरोपित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मामले में स्थानीय चौकीदार द्वारा युवकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस द्वारा युवकों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़का गांव निवासी चौकीदार सुरेश राम ने इस मामले में तेंदुआ गांव के दो युवकों अमित कुमार एवं विशाल कुमार उर्फ राजा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें दोनों के खिलाफ चौकीदार से मारपीट व दुर्व्यवहार करने की बात कही गई है। सुरेश राम ने प्राथमिकी में युवकों द्वारा उंसकी बाइक की चाबी छीनने एवं दुर्व्यवहार की बात कही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि बड़कागांव निवासी चौकीदार सुरेश राम के साथ तेंदुआ गांव के अमित कुमार एवं विशाल कुमार के द्वारा दुर्व्यवहार एवं मारपीट को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस द्वारा आरोपित दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।


### स्काउट एण्ड गाइड कैमूर के कैडेट दे रहे हैं मां मुण्डेश्वरी धाम में सेवा

**भभुआ।** जिले के भगवानपुर प्रखंड स्थित मां मुण्डेश्वरी धाम परिसर में शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य पर भारत स्काउट और गाइड कैमूर के कैडेटों द्वारा सेवा दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं को मंदिर में दर्शन करने के लिए किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो इसका पूरा ध्यान स्काउट एंड गाइड कैडेट दे रहे हैं। मुंडेश्वरी भवानी मंदिर न्यास समिति की और से नाश्ता भोजन एवं आवास तथा आने जाने की व्यवस्था की गई है।सहायक जिला संगठन आयुक्त स्काउट अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में स्काउट कैडेट द्वारा सेवा शिविर चलाया जा रहा है। सुबह 6 से शाम 7 बजे तक स्काउट गाइड के बच्चे मंदिर परिसर में सेवा देते हैं। यह सेवा शिविर मा मुंडेश्वरी भवानी मंदिर न्यास समिति के आग्रह पर जिला सचिव भारत स्काउट और गाइड बद्री नरायण सिंह और जिला संगठन आयुक्त स्काउट दिलीप कुमार के आदेशानुसार सेवा में लगाये गए हैं।

# स्वास्थ्य केन्द्रों पर बुजुर्गों के लिए नि: शुल्क जांच शिविर का आयोजन

- विश्व वृद्धजन दिवस पर 14 अक्टूबर तक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच पखवाड़ा का होगा आयोजन

**केटी न्यूज/आरा**



शनिवार को विश्व वृद्धजन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसको लेकर जिले में 1 से 14 अक्टूबर 2022 तक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने पत्र के माध्यम से सूबे के जिला/सदर अस्पताल, अनुमंडल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों को निर्देशित किया है। इस दौरान सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर वरिष्ठ एवं वृद्ध नागरिकों के स्वास्थ्य जांच हेतु शिविर के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच पखवाड़ा का आयोजन कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधित परामर्श दी जाएगी।

**गैर संचारी रोगों की होगी जांच, दवाओं का होगा वितरण :** एक से 14 अक्टूबर तक चलने वाले इस जांच पखवाड़े में आने वाले सभी व्यक्तियों की गैर संचारी रोगों यथा मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, गठिया, पार्किन्संस, मनोभ्रंश, अल्जाईमर, नाक-कान गला रोग, दन्त एवं नेत्र रोगों की विशेष जांच कराई जाएगी। साथ ही, आवश्यक दवाओं का मुफ्त वितरण भी किया जायेगा। शिविर में आने वाले व्यक्तियों की जांच के बाद बीमारियों से बचाव के उपाय और खान-पान संबंधी उचित परामर्श दिया जाएगा। जांच शिविर में ग्लूकोमीटर, लैंसेट, ग्लूकोस्ट्रीप, बीपी मशीन आदि भी व्यवस्था रहेगी। मुफ्त जांच एवं परामर्श के लिए जगह-जगह बैनर पोस्टर और माइकिंग के जरिए प्रचार प्रसार किया जाएगा।

**वृद्धजनों के प्रति संवेदनशील सरकार :** बुजुर्गों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत जिला के सदर अस्पताल में 10 शैय्या वाले वृद्धजन वार्ड चल रहा है। जबकि जिला स्तरीय एनसीडी क्लिनिक एवं सदर अस्पताल में ओपीडी के माध्यम से वृद्धजनों का इलाज किया जा रहा है। जिला के सभी प्रमुख स्वास्थ्य केन्द्रों में 60 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के वृद्धजनों को फिजियोथैरेपी की सुविधा प्रदान की जा रही है। वरिष्ठजनों के प्रति जहां सरकार संवेदनशील है, वहीं विश्व वृद्धजन दिवस के मौके पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सरकार की वृद्धजनों के प्रति सजगता को दशार्ता है।

## शहर छोटी खबरें

### पुलिस मौन, शहर में बेखौफ हो रहा जुआ का खेल



**डुमरांव।** जुआरी प्रशासन की नाक के नीचे जुआ खेलने में मशगूल हो हैं। डुमरांव के वार्ड नम्बर 6 के पकड़ी मुहल्ला काली मंदिर के पिछे चौक स्थान में जुआरियों के इस तरह खुले स्थान पर जुआ खेलने से यह लगता है कि उन्हें पुलिस प्रशासन का कोई भय नहीं है। पुलिस और अनुमंडल प्रशासन के नाक तले गैर कानूनी खेल खेला जा रहा है। लेकिन न तो पुलिस को इसकी कोई परवाह है और न ही जिला प्रशासन ने इन जुआरियों पर कोई कार्रवाई कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसा नहीं है कि पुलिस को इसकी खबर न हो, लेकिन प्रशासन जान बूझकर इस गैर कानूनी खेल से अनजान बना बैठा है। यहां से गुजरने वाले लोग उन्हें देख रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चे इस खेल को देखकर आकर्षित हो रहे हैं। इतना ही नहीं बच्चे भी जुआरियों की भीड़ में एकत्रित होकर सौ-पचास रुपये का दाव लगाने से पीछे नहीं हट रहे हैं। इससे आने वाले समय में बच्चों का इस प्रकार के खेलों से बुरा असर पड़ेगा। लेकिन प्रशासन को इससे कोई सरोकार नहीं है और जुआरी खुलेआम बेखौफ समाज की इस बुराई को बढ़ावा दे रहे हैं।

### छात्राओं व महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलेगा जागरुकता अभियान

**बक्सर।** छात्राओं व महिलाओं पर बढ़ रहे यौनात्याचार को रोकने के लिए बक्सर एसपी ने खास पहल की है। जिसके लिए पुलिस के द्वारा मिशन लफुआ चलाने की प्लान पर तैयारी की जा रही है। जिसमें जिले के दो डीएसपी व महिला थाना के नेतृत्व में एक टीम बनाई जाएगी, जो इन मनचलों पर नजर रख सके। बहुत जल्द पुलिस निजी व सरकारी विद्यालयों के प्रबंधकों से सम्पर्क कर छात्राओं की सुरक्षा के बारे में जानकारी लेगी। इसके बाद खासतौर पर निजी विद्यालयों व सरकारी विद्यालयों में महिला थानाध्यक्ष के द्वारा जागरूकता शिविर लगाया जाएगा। जिसमें उनके सुरक्षा सबंधी टिप्स दिए जाएगे। बक्सर एसपी नीरज कुमार सिंह ने कहा कि बक्सर पुलिस वेटियों की सुरक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहती है। समय-समय पर मनचलों के खिलाफ अभियान भी चलाया जाता है।

# गरीबों की मदद करने पर नवाब दामाजी को फांसी पर चढ़ाने का देता है हुक्म

- विजयादशमी महोत्सव का 13वें दिन 'सीताहरण एवं शबरी प्रसंग' सहित 'दामा पंथ' लीला का हुआ मंचन

**केटी न्यूज/बक्सर**

श्री रामलीला समिति,बक्सर के तत्वावधान में रामलीला मैदान स्थित विशाल मंच पर चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के दौरान आज तेरहवें दिन शुक्रवार को श्रीधाम वृंदावन से पधारी सुप्रसिद्ध रामलीला मंडल श्री श्यामा श्याम रासलीला संस्थान के स्वामी श्री नन्दकिशोर रासाचार्य जी के सफल निर्देशन में दिन में कृष्ण लीला के दौरान 'दामा पंथ' नामक प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि दामा जी मेदिनीपुर के एक ब्राम्हण होते हैं। वह पेशे से शिक्षक होते हुए भी काफी धार्मिक प्रवृत्ति के होते हैं। उनकी नौकरियां भी इसी प्रवृति के कारण छूट जाती है। वह भगवान का भजन कीर्तन करने लगे। तभी उनकी नौकरी एक नवाब के यहां लग गया। वह नवाब इनको मंगलबेड़िया जगह का तहसीलदार बना देता है। एक बार वहां पर सूखा पड़ जाने के कारण किसानों में



हाहाकार मच जाता है।दयालु प्रवृत्ति के दामा जी किसानों के लिए अन्न का गोदाम खोल देते हैं। इस पर दामाजी की शिकायत उनका मियां मुंशी नवाब से कर देता है। नवाब दामा को फांसी देने का हुक्म देते हैं। इसपर दामाजी विठ्ठल भगवान का कीर्तन करते हैं। विठ्ठल भगवान दामा जी के चाकर बनकर नवाब के यहां पहुंचते हैं। उनके पास एक झोली रहती है उस झोली के द्वारा नवाब के खाली गोदामों को भर देते हैं। यह देखकर नवाब विठ्ठल भगवान पर मोहित हो जाता हैं। तभी, विठ्ठल भगवान अंतर्ध्यान हो जाते हैं। यह देखकर नवाब किंकर्तव्य विमूढ रह जाता है। नवाब दामाजी के समीप पहुंचकर उन्हें फांसी से उतरवाता है और मियां मुंशी को फांसी पर चढ़ा देता है। वह हिंदू धर्म को अपनाकर भगवान की भक्ति करता है इस दृश्य को देख दर्शक रोमांचित हो श्रीकृष्ण की जयकार लगाते हैं।

**स्वर्ण हिरण को देख कर मोहित हो जाती है सीता जी :** वहीं देर रात्रि मंचित रामलीला के दौरान "सीताहरण व शबरी प्रसंग" का मंचन करते हुए दिखाया गया कि खर दूषण के वध के बाद सूर्पणखा भयभीत होकर अपने भाई रावण के पास जाकर सारी बात बताती है। रावण मारीच को सोने का हिरण बना कर पंचवटी में जाता है। सीता जी स्वर्ण हिरण को देख कर मोहित हो जाती है और प्रभु श्रीराम से कहती है कि हे प्रभु आप मुझे यह सोने का हिरण ला दीजिये। हिरण बना मारीच श्रीराम को वन मे दूर भटकाकर ले जाता है। इधर रावण साधु के वेश में सीता से भिक्षा लेने आता है। और छल से सीता का हरण कर लेता है। तब रास्ते में सीता अपने आभूषण डाल देती है। मार्ग में जटायु रावण को रोकता है, लेकिन रावण उसके पंख काट देता है। इधर राम लक्ष्मण सीता को खोजते हुए जाते हैं तो जटायु रास्ते में घायल अवस्था में मिलता है।

**श्रीराम को देख हर्ष से उठ खड़ी होती है शबरी :** जटायु राम को बताता है कि रावण सीता का हरण कर ले गया। आगे चलने पर राम लक्ष्मण को मार्ग में शबरी मिलती है। राम शबरी के आश्रम में पहुंचते हैं। शबरी जैसे ही लक्ष्मण के साथ राम को आया हुआ देखती है, हर्ष से उठ खड़ी होती है, उसकी आंखें प्रसन्नता से अश्रुपूरित हो जाती हैं, वह राम के चरणों पर गिर पड़ती है। फिर वह स्वागत कर के उन्हें आसन पर बिठाती है। भक्तिपूर्वक दोनों भाइयों के पाँव धोती है, उन्हें अर्घ्य समर्पित करती है। फिर वह उन्हें दिव्य अमृत के जैसे फल अर्पित करती है। रामलीला इस प्रंसग को देखकर दर्शक रोमांचित हो जाते है और पांडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गुंज उठता हैं। इस दौरान पुरा रामलीला परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था ।

# शर्मनाक : वो तड़पती रही, पानी देने के बजाय ससुरालवाले बनाते रहे वीडियो

## आग से झुलसी अंजली के सामने मर गई थी ससुराल वालों व डॉक्टर की संवेदनाएं

- वाराणसी के ट्रामा सेंटर में जीवन व मौत से जूझ रही है अंजली, डॉक्टरों ने भी खड़े किए हाथ

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कमरपुर गांव में 24 सितंबर को एक विवाहिता ने पति की बेवफाई से आजिज आ खुद को आग के हवाले कर दिया था। इस घटना में वह बुरी तरह से झुलस गई थी। ससुराल वालों ने उस पर रहम दिखाते हुए उसके शरीर में लगे आग को बुझा जरूर दिए थे। लेकिन इसके बाद उनकी मानवता तथा संवेदनाएं मर गई थी। आग से झुलसने के बाद पीड़िता तड़प रही थी तथा पानी मांग रही थी। लेकिन एक ग्रामीण चिकित्सक के सामने उसके ससुराल वाले पानी व दवा देने के बदले मोबाईल से वीडियो बना उस पर यह कहने का दबाव बना रहे थे कि वह खुद से जली है। वीडियों में साफ सुनाई पड़ रहा है कि वह पानी मांग रही है। जबकि उसके ससुराल वाले उससे यह कहलवाने में परेशान थे कि वह खुद से जली है। इतना ही नहीं ससुराल वाले उसे यहा तक कर रहे थे कि खुद से जलने की बात स्वीकारने के बाद ही उसे पानी व दवा दिया जाएगा तथा डाक्टर साहब भी अपने ही आदमी है। उसकी तड़प को सुन न तो ससुराल वालों को दया आई और न ही धरती के दूसरे भगवान कहे जाने वाले डाक्टर की संवेदना ही जगी। बहरहाल पीड़िता पिछले छह दिनों से वाराणसी के ट्रामा सेंटर में तड़प तड़प कर मौत के करीब पहुंच रही है। डाक्टरों ने भी जबाव दे दिया है। अब उसके मायके तथा ननिहाल वाले उसके ठीक होने की उम्मीद छोड़ भगवान से उसे कष्ट से जल्द मुक्त करने की प्रार्थना कर रहे है। जबकि पुलिस ने पीड़िता के ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपी फरार चल रहे है।



शादी की फाइल फोटो

### फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी पुलिस

मामले में मुफस्सिल थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि घटना के बाद पीड़िता के ममेरे भाई द्वारा दहेज के लिए जलाने का आरोप लगाया गया है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### गाजीपुर में है पीड़िता का मायका, 10 महीना पहले हुई थी शादी

पीड़िता अंजली कुमारी का मायका उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिला अंतर्गत जोगा मुसाहिब गांव में है। बचपन में ही उसके पिता चल बसे थे। जिसके बाद उसका पालन पोषण मां ने किया था। उसका ननिहाल राजपुर थाना क्षेत्र के पिपराढ़ गांव में है। ननिहाल वालों के सहयोग से ही 21 नवंबर 2021 को उसकी शादी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कमलेश राय के पुत्र सूर्यदेव राय के साथ हुई थी। शादी के बाद जब वह ससुराल आई तो उसे अपने पति के चाल-चरित्र पर संदेह होने लगा। उसकी दूसरी महिलाओं के साथ संबंध उजागर होने के बाद वह काफी परेशान रहने लगी थी। सूत्रों का कहना है कि लाख समझाने के बाद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो अंजली ने आग लगा आत्महत्या का प्रयास किया। वैसे इस मामले में उसके ममेरे भाई अविनाश ने स्थानीय थाने में दहेज के लिए उसे जलाए जाने का आरोप लगा मामला दर्ज कराया है। जिसमें पति सूर्यदेव, ससुर कमलेश राय, सास तथा एक भाभी को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने तत्काल ससुर कमलेश राय को गिरफ्तार कर लिया है।

## एक नजर

### गुम हुए मोबाइल फोन पाकर खिल उठे 107 चेहरे



**बक्सर।** गुम हुए मोबाइल फोन अगर पुनः मिल जाए तो क्या कहने। गुरुवार ऐसे 107 लोगों के मध्य पुलिस ने फोन का वितरण किया। इसके लिए एसपी कार्यालय में सभी को संदेश भेज बुलाया गया था। एसपी नीरज सिंह की मौजूदगी में सदर डीएसपी गोरख राम ने धारकों को उनके फोन सौंपे। इस क्रम में उत्साहित युवाओं के आग्रह पर एसपी के साथ उनकी ग्रुप फोटो भी हुई। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए एसपी नीरज सिंह ने बताया कि यह हमारा छठवा प्रयास था। अब तक लगभग आठ सौ लोगों को खोया अथवा चोरी हुआ फोन वापस किया जा चुका है। कुछ अपराधी भी पकड़े गए हैं। जिन्होंने फोन की चोरी की थी। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि अब पुलिस प्रत्येक माह में दो दिन मीडिया से मुखातिब होगी और मासिक रिपोर्ट को साझा करेगी।

### चौंगाईं गांव में 70 वर्षीय वृद्धा के झोले में रखे 30 हजार रुपए ले उड़ा उचक्का

**चौगाई (बक्सर)।** चोर उचक्के अब ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में भी सक्रिय हो गए है। शुक्रवार को डुमरांव अनुमंडल के मुरार थाना क्षेत्र अंतर्गत चौगाईं गांव में इसकी बानगी देखने को भी मिली। यहां सक्रिय उचक्के ने एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला के झोला में रखे 30 हजार रुपये को ब्लेड मार ले उड़ा। महिला की चीख पुकार सुन लोग उसका पीछा भी किए लेकिन वह देखते ही देखते आंखों के ओझल हो गया था। पीड़िता ने इसकी शिकायत स्थानीय थाने में दर्ज करवाई है। इसके बाद पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर उचक्के की पहचान में जुट गई है। चौगाई जैसे ग्रामीण क्षेत्र के बाजार में हुई इस घटना के बाद लोग यह कहते देखे गए कि अब चोर उचक्कों से गांव का बाजार भी महफूज नहीं रह गया है। मिली जानकारी के अनुसार नावानगर थाना क्षेत्र के गिरिधर बराव गांव निवासी जीउत प्रसाद की पत्नी राजवंशी देवी शुक्रवार को चौगाई स्थित पीएनबी की शाखा से 30 हजार रुपये की निकासी कर स्थानीय बाजार के एक किराना दुकान पर सामान खरीदने पहुंची थी। वह दुकानदार को सामान का लिस्ट देने के लिए जैसे ही लिस्ट निकाल दुकानदार की तरफ बढ़ाना चाही, इसी दौरान एक उचक्का तेजी से ब्लेड से उसका झोला काट उसमें रखे रुपये लेकर भाग खड़ा हुआ। लोगों ने उसका पीछा किया। लेकिन उचक्का ग्रामीणों से तेज निकला। चौगाईं तथा आसपास के क्षेत्रों में पूरे दिन इस घटना की चर्चा होते रही। मुरार थाना अध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि उचक्के की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### ठप पड़ा सरकारी नलकूप, निजी बोरिंग के सहारे किसान कर रहे फसलों की सिंचाई

**बक्सर।** कृषि कार्यों को बढ़ावा देने के लिये सरकार प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपये की धन राशि खर्च करती है। किसान आत्मनिर्भर बन सकें। इसके लिये प्रखंड व जिला मुख्यालयों में शिविर लगाकर अनुदानित दर पर बीज, खाद, कीटनाशक दवाईयां, कृषि यंत्र सहित कई अन्य सुविधाओं का लाभ उन्हें दिया जाता है। मगर, किसानों के समक्ष फसल सिंचाई की बनी गंभीर समस्या सरकार की सभी योजनाओं को मुंह चिढ़ा रही है। सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिये सरकार कोई कारगर रणनीति नहीं बना पा रही है। अलबत्ता, खेती-बारी के कार्यों से किसानों का दिन-प्रतिदिन रूझान कम होता जा रहा है। फसलों की सिंचाई करना किसानों के लिये एक गंभीर चुनौती बन चुकी है। तीन दशक पहले थाना क्षेत्र के सोवां, कठार, छतनवार, अरक, अरियांव, ढकाईच, नुआंव सहित कई अन्य पंचायतों में फसलों की सिंचाई के लिये सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर नलकूप लगाये गए थे। उस वक्त किसानों को खेती-बारी में अपना भविष्य दिखाई देता नजर आ रहा था। उनके समक्ष फसल सिंचाई की बनी समस्या दूर होती दिख रही थी। लेकिन, विभागीय लापरवाही व समूचित देखभाल के अभाव में नलकूपों ने कुछ वर्षों बाद ही पानी देना बंद कर दिया। वर्तमान में सारे नलकूप बंद हैं तथा खंडहर का रूप धारण कर चुके हैं। अनुमंडल के अन्य हिस्सों की तरह कृष्णाब्रह्म क्षेत्र में नदी, सरोवर व जलाशय की सुविधा नहीं है। नहरें हैं, मगर पानी बिन वे सुनी पड़ी हैं। ऐसे में किसानों को खेती-बारी का कार्य करने में कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ता है। फसल की संचाई यहां के किसानों की सबसे बड़ी समस्या है।

### रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन, 1417 युवाओं ने रोजगार हेतु कराया निबंधन

**नावानगर।** बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार देने एवं उन्हें स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षित करने के उदेश्य से रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, जीविका, बक्सर द्वारा मेला का आयोजन प्रखंड कार्यालय परिसर, नावानगर में किया गया। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का उद्घाटन, डुमरांव विधायक अजीत कुमार सिंह व डीडीसी महेंद्र पाल ने संयुक्त रूप से किया। जीविका दीदियों ने पौधा देकर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर गीता देवी, रीना देवी, शीला देवी एवं कंचन देवी आदि जीविका दीदियों ने स्वागत गान पेश किया।

# डीएम के हस्तक्षेप पर सीलिंग की जमीन खरीदने वालों की बढ़ी मुश्किलें, राजघराने ने साधी चुप्पी

### 50 वर्षों से सीलिंग एक्ट में फंसी है राजघराने की 65 एकड़ जमीन

**केटी न्यूज/ डुमरांव**

डीएम अमन समीर द्वारा सीलिंग एक्ट वाली डुमरांव राजघराने की 65 एकड़ जमीन की खोज खबर लेते ही उक्त जमीन खरीदने वालों के बीच हड़कंप मच गया है। अब इस जमीन की असलियत तथा संभावित भविष्य के बारे में चर्चा करने लगे हैं। हुआ यह है कि डीएम ने पश्चिमी रेलवे क्रॉसिंग के उत्तर स्थित घोड़ा अस्पताल तथा उसके आगे राजघराने की 65 एकड़ जमीन की खूब खबर ली है। जिला पदाधिकारी ने स्थानीय अंचल को इस जमीन के जमाबंदी की जांच कर रैयतों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया है। स्थल जांच के दौरान उनके साथ एसडीओ कुमार पंकज, बीडीओ संतोष कुमार सिंह, नप ईओ मनोज कुमार, राजस्व कर्मचारी ज्योति मोहन ओझा, कृष्ण मुरारी ओझा के अलावा अंचल अमीन व अन्य कर्मी उपस्थित थे। डीएम ने बीडीओ राजस्व कर्मचारी को उक्त जमीन का जांच कर किन लोगों के नाम पर इस जमीन की जमाबंदी है उसे चिन्हित करने के साथ सभी रैयतों का नाम की सूची बनाने का निर्देश दिया है।

### डीएम लेंगे अंतिम फैसला

जिलाधिकारी अमन समीर के निर्देश पर राजघराने के सीलिंग एक्ट में फंसे 65 एकड़ जमीन के जमाबंदी के आधार पर सूची बनाई जा रही है। निर्देश के अनुरूप जल्द ही सूची जिलाधिकारी महोदय को समर्पित कर दी जाएगी। जिसके बाद मामले में अंतिम निर्णय भी जिलाधिकारी ही लेंगे।

**- संतोष कुमार सिंह, बीडीओ**

मामले में बताया जाता है कि डुमरांव मौजा के खाता संख्या 265 का है। यह जमीन 50 वर्ष पूर्व वर्ष 1970-71 में राजघराने की 65 एकड़ जमीन पर सरकार द्वारा सीलिंग एक्ट लगाया गया। तब राजघराने ने इस जमीन को ओने-पौने दाम पर आम लोगों को बेचकर सीलिंग एक्ट के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दायर कर दिया। अंचल कार्यालय का कहना है कि बहुत दिन तक इस जमीन पर प्रशासन के तरफ से कुछ नहीं हुआ। इस बार डीएम ने अपना पक्ष मजबूत करने के लिए जमीन की तलाश शुरू की है। जानकार बताते हैं कि इस जमीन पर कई पक्के मकान बन चुके हैं। ऐसे में अगर प्रशासन की कार्रवाई होती है तो करवाई के जद में न सिर्फ सैकड़ों रैयतदार आएंगे बल्कि कई मक्के मकान भी टूटने की नौबत आ जाएगी। हालांकि सरकारी स्तर पर भी इस जमीन में जमकर लापरवाही हुई है। इस जमीन को भू माफियाओं ने मोटी रकम लेकर आम लोगों को बिक्री किया है।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ली गई बीपीएससी 67वी संयुक्त प्रवेश परीक्षा

- वीक्षकों को उपस्थित व अनुपस्थित परीक्षार्थियों का देना था ब्योरा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

लंबे इंतजार के बाद बीपीएससी के 67 वी संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन शुक्रवार को डुमरांव के नौ परीक्षा केन्द्रों पर किया गया। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इस परीक्षा में सुरक्षा व नकल रोकने के लिए कड़े मापदंड निर्धारित किए गए थे। परीक्षा केद्रों के अंदर व बाहर सुरक्षा की इस कदर की व्यवस्था की गई थी तक परिंदा भी पर नहीं मार सकता था। सभी परीक्षा केन्द्रों के बाहर परीक्षार्थियों को कई स्तरों के जांच से गुजरना पड़ा ताकी वे अपने साथ नकल के लिए किसी तरह के कागज व इलेक्ट्रानिक उपकरण नहीं ले जा सके। इसके अलावे उन्हें सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा देना पड़ा। परीक्षा के दौरान सभी केन्द्रों पर बड़ी संख्या में परीक्षार्थी अनुपस्थित भी रहे। मिली जानकारी के अनुसार सभी नौ केन्द्रों पर कुल 5004 परीक्षार्थियों को परीक्षा देना था जिसमें 2679 परीक्षा में शामिल हुए जबकि 2325 अनुपस्थित रहे। किसी भी परीक्षा केन्द्र से नकल के आरोप में किसी को निष्कासित नहीं किया गया है। जिससे नकलमुक्त परीक्षा की पुष्टि हुई है। गौरतलब है कि बीपीएससी के पेपर लिक के चलते यह परीक्षा पहले कैंसल हुई थी। जिस कारण आयोग तथा सरकार की किरकिरी हुई थी। जिसके बाद परीक्षा व्यवस्था को इतना सख्त बनाया गया था। जानकारों का कहना था कि परीक्षार्थियों के साथ ही वीक्षकों के लिए भी काफी कड़े नियम बनाए गए थे। बीपीएससी परीक्षा में शामिल होने के लिए दूर दराज से परीक्षार्थी आए थे। उन्हें सुबह में अपने निर्धारित केन्द्रों तक पहुंचने के लिए देर तक भटकना पड़ा। कई परीक्षा केन्द्र शहर से दूर होने के कारण परीक्षार्थियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# सबके प्रयास से नियमित टीकाकरण में बेहतर होगा जिले का प्रदर्शन

- नियमित टीकाकरण में प्राप्त 91 प्रतिशत उपलब्धि को मार्च तक 100 फीसद करने का लक्ष्य
- रेडक्रॉस भवन में जिले के सभी प्रखंडों के एमओआईसी व अन्य अधिकारियों की हुई बैठक

**केटी न्यूज/बक्सर**

नियमित टीकाकरण के तहत बक्सर जिले में अप्रैल 2022 से लेकर अब तक 91 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हो सकी है। जिसमें और सुधार की आवश्यकता है। जिसे मार्च तक हर हाल में शत-प्रतिशत प्राप्त करने का लक्ष्य रखा जा रहा है। जिसके लिए सभी का प्रयास और सहयोग अपेक्षित रहेगा। उक्त बातें जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने रेड क्रॉस भवन में आयोजित एक कार्यशाला के दौरान कही । कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नियमित टीकाकरण के अनुश्रवण व सुदृढ़ीकरण था। इस दौरान जिले के सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सकों के साथ स्वास्थ्य प्रबंधक व स्वास्थ्य उत्प्रेरक मौजूद रहे। कार्यशाला में नियमित टीकाकरण के लक्ष्य प्राप्ति को और भी बेहतर बनाने के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। डॉ. राज किशोर सिंह ने कहा कि सभी एमओआईसी अपने पीएचसी स्तर की सभी आशा कार्यकताओं के सर्वे रजिस्टर व ड्यू लिस्ट का सत्यापन और घर-घर जाकर सर्वे की मॉनिटरिंग करें। ताकि, टीकाकरण में तेजी लाई जा सके। इस क्रम में ग्रामीण और शहरी इलाकों के बच्चों के टीकाकरण पर भी बल देना अनिवार्य है। कार्यशाला सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ, एसीएमओ डॉ. अनिल भट्?ट के अलावा स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारी व सभी पार्टनर्स के प्रतिनिधि शामिल रहें।




**बच्चों और नवजातों का टीकाकरण कराना जरूरी :** डॉ. राज किशोर सिंह ने बताया कि नियमित टीकाकरण स्वस्थ राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जो गर्भवती महिलाओं और नवजात को पांच वर्षों तक नियमित रूप से दिया जाता है। शिशुओं को दिए जाने वाले टीके उनको कई तरह की गंभीर बीमारियों से बचाने के साथ प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है। इसलिए नियमित रूप से बच्चों और नवजातों का टीकाकरण कराना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित रूप से नियमित टीकाकरण का आयोजन किया जाता है। जिसके माध्यम आंगनबाड़ी केंद्रों पर शिविर आयोजित कर एएनएम द्वारा संबंधित क्षेत्र की आशा और सेविका के सहयोग से बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाता है। जिसकी नियमित रूप से अनुश्रवण जरूरी है। ताकि, कोई भी लाभुक नियमित टीके का लाभ पाने से वंचित न रहे।

## शहर छोटी खबरें

### घर से गायब हुई महिला का शव तालाब में मिला

**बलिया।** उभांव थाना क्षेत्र के एकसार ग्राम के पास दो दिनों घर से लापता वृद्धा का शव तालाब में बृहस्पतिवार को मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को दी गई। जिसके उनकी मदद से ग्रामीणों शव को तालाब से बाहर निकलवाया। पुलिस ने कागजी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतका की पहचान एकसार ग्राम निवासिनी मंझारी देवी (65) पत्नी शिवमंगल वर्मा के रूप में हुई। परिवारिक सूत्रों के अनुसार दो दिन पूर्व घर से बिना बताए बाहर निकली थी। काफी देर तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और वह खोजबीन करने लगे। आसपास के गांवों और रिश्तेदारों के यहां ढूंढने में परिजन जुटे ही थे कि इस बीच बृहस्पतिवार की सुबह गांव के बाहर एक तालाब में ग्रामीणों को एक महिला का उतराया शव दिखा। मृतका के पुत्र अवधेश वर्मा ने बताया कि मां मानसिक रूप से बीमार रहती थी। दो दिन पहले घर से निकली थी। तालाब में कैसे डूबी, इसकी जानकारी नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**गाजीपुर ।** नोनहरा पुलिस ने गुरुवार की शाम अपहरण और दुष्कर्म केस में वांछित को दबोच लिया। थाने लाकर पूछताछ की और फिर चालान कर उसे जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में दुष्कर्म के केस में पुलिस ने आरोपी की तलाश में कई दबिशें दीं गई। गुरुवार को थाना दुल्लहपुर के केशरूवा ओरराई निवासी अभियुक्त अमन कुमार तिवारी पुत्र अशोक तिवारी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने उसे शहबाजकुली स्टेशन रोड तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पाक्सो एक्ट में दर्ज मुकदमा में चालान कर कोर्ट में पेश किया जहां से जज ने जेल भेज दिया।

### तमसा नदी में उतराता मिला लापता ट्रक चालक का शव

**गाजीपुर।** कासिमाबाद में तरकुलहा किनारे तमसा नदी में एक अधेड़ का शव उतराता मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस दौरान अधेड़ के परिजन भी पहुंचे। उन्होंने शव की शिनाख्त की। परिजनों का कहना है वह एक दिन पहले से लापता था। ग्रामीणों ने उन्हें नदी में कूदते हुए देखा था। सूचना पर मऊ जनपद के हलधरपुर थाना प्रभारी अजय कुमार तिवारी पहुंच गए। दो जनपदों की सीमा होने के कारण विवाद हुआ। गाजीपुर से कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी भी घटनास्थल पहुंचे। गाजीपुर सीमा के तरकुलहा नामक स्थान पर यह शव मिला था। ये विवाद करीब दो घंटों तक चलता रहा। इस बीच घटनास्थल पर भीड़ इकट्ठा थी। परिजन भी पहुंचे। शव की शिनाख्त हो गई। पता चला कि ग्राम आदेडिह थाना सरायलखनशी निवासी प्रेम पटेल का शव है। रात तक कासिमाबाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अध्यात्म : 4 अक्टूबर को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

**केटी न्यूज/बलिया**

जय श्रीमन नारायण के उद्घोष से गूंजेगे दियारांचल समेत यूपी-बिहार के इलाके



यज्ञ स्थल पर बना विशाल मंडप।

- 9 अक्टूबर तक चलने वाले इस महायज्ञ में 300 से अधिक यजमान एक साथ बैठ देंगे आहुति
- 8 अक्टूबर को होगा वैष्णो सम्मेलन एसपी ने किया यज्ञ स्थल का निरीक्षण

चतुर्मास यज्ञ स्थल पर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारियां अंतिम चरण में है। 4 अक्टूबर को होनेवाले कलश यात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों के अलावा बिहार, झारखंड समेत अन्य राज्यों से आ रहे हैं। इस यज्ञ में भारत के कोने-कोने से हजारों की संख्या में संत महात्मा भी जुटने वाले हैं। जिनका आगमन शुरू हो गया है। यज्ञ में बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए रहने खाने की व्यवस्था की गई है। कुल 128 यज्ञ मंडप का निर्माण किया गया है और एक प्रधान यज्ञ मंडप है जो कि 11 तल्ला है। चार से 9 अक्टूबर तक चलने वाले इस लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में 300 से अधिक यजमान एक साथ बैठकर विश्व कल्याण तथा भारत को समृद्ध बनाने हेतु आहुति देंगे। श्री लक्ष्मी प्रपन्न जियर स्वामी जी महाराज से मिलने हेतु बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश आदि जगहों से काफी संख्या में लोग आ रहे हैं। जहां सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। यज्ञ समिति की तरफ से प्रसाद की व्यवस्था की गई है। साथ ही, दूर-दूर तक साफ सफाई की गई है। पूरा क्षेत्र नैमिशारण्य बन गया है।

**यज्ञ मंडप में पूजा अर्चना करना ही नहीं यज्ञ में हिस्सा लेना होता:** 4 अक्टूबर को होने वाले कलश यात्रा के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। जिसमें हिस्सा लेने के लिए हजारों की संख्या में महिला तथा पुरुष अपने अपने स्तर से तैयारियां कर रहे हैं। श्री स्वामी जी महाराज ने कहा कि मनुष्य का कई जन्मों का पुण्य इकट्ठा होता है, तो ऐसे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में हिस्सा लेने का मौका मिलता है। जो भी श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में हिस्सा लेता है, उसके सभी जन्मों के पाप कट जाते हैं घर में सुख समृद्धि बनी रहती है। स्वामी जी महाराज ने कहा कि सिर्फ यज्ञ मंडप में पूजा अर्चना करना ही नहीं यज्ञ में हिस्सा लेना होता है। उसके लिए जो भी दिन रात लगे रहते हैं, मेहनत करते रहते हैं बाहर से व्यवस्था करते हैं, सबको इसका पुण्य मिलता है तथा ईश्वर के आशीर्वाद की प्राप्ति होती है।

### ऐतिहासिक पल होगा कलश यात्रा

मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि इस यज्ञ में भारत के कोने-कोने से लोग हिस्सा लेने आएंगे। 4 अक्टूबर को होने वाला कलश यात्रा काफी भव्य होगा जो कि एक ऐतिहासिक पल होगा। उन्होंने बताया कि यज्ञ स्थल के पास ही सड़क के एक तरफ भव्य पंडाल में स्वामी जी का प्रवचन चल रहा है। जिसको सुनने हेतु महिला तथा पुरुष 4 महीने से काफी संख्या में जुट रहे हैं तथा सड़क के दूसरी तरफ भव्य तरीके से 129 यज्ञ मंडप का समूह है, जो कि दूर से ही काफी भव्य दिखाई दे रहा है। बाहर से आने वाले अतिथियों तथा संत महात्मा एवं आचार्य लोगों के रहने के लिए कुटिया का निर्माण कर लिया गया है। साथ ही, हजारों की संख्या में भक्तगण यज्ञ समिति के लोग इसे सफल बनाने में लगे हुए हैं।

# सनसनी : धान के खेत में मिला किशोर का शव, गला घोंट हत्या की आशंका

## बलिया के नगरा थाना क्षेत्र के डिहवा गांव की घटना, मां के साथ अकेले रहता था युवक

- घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एसपी, खुद शुरू की जांच
- फॉरेंसिक व सर्विलांस टीम
- गुरुवार की रात रामलीला देखने निकला था शिवम, लौटी मौत की खबर

**केटी न्यूज/बलिया (नगरा)**



जिले के नगरा थाना क्षेत्र के डिहवा गांव में शुक्रवार की सुबह धान के खेत में एक युवक का शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। युवक की पहचान शिवम यादव के रूप में हुई है। वह गुरुवार की रात रामलीला देखने निकला था। घटना की सूचना मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। इधर, मामले की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर घटना स्थल का जायजा लिया। वहां मौजूद लोगों से इसके बारे में पूछताछ की, लेकिन पुलिस को घटना के संबंध में वहां से कोई सुराग नहीं मिल सका। जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने मामले की जानकारी एसपी राज करन नय्यर को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी तत्काल फॉरेंसिक व सर्विलांस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। जिसके बाद उन्होंने स्वयं जांच की और परिजनों से पूछताछ की।

### युवक के गले पर मिला काले रंग का निशान



घटना के बाद पुलिस ने मौका-ए-वारदात पर जाकर पड़ताल की। पंचनामा के दौरान युवक के शरीर पर कहीं भी चोट या खरोंच के निशान नहीं मिले हैं। लेकिन, उसके गले में काले रंग का निशान पड़ा हुआ था। जो पोस्टमार्टम के बाद ही क्लीयर हो सकेगा। हालांकि, फारेंसिक टीम व सर्विलांस टीम को भी लगाया गया है। लेकिन, अब तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला है। दूसरी ओर परिजन भी मामले में कुछ साफ साफ नहीं बता रहे हैं। जिसके कारण तफ्तीश में कई अड़चने आ सकती हैं। लेकिन, पुलिस अपनी ओर से हर बिंदुओं पर जांच करेगी। ताकि, हत्या के कारणों का पता लगाने के साथ अपराधियों को पकड़ा जा सके। **राज करन नय्यर, एसपी, बलिया**

### परिजनों ने पुरानी अदावत से किया इन्कार

एसपी के पूछताछ के दौरान परिजनों ने बताया कि शिवम बीती रात खाना खाने के बाद रामलीला देखने के लिए घर से निकला था। जो पूरी रात नहीं लौटा। शुक्रवार की सुबह खेतों में जाने वाले लोगों ने शिवम का शव पड़ा देखा। जिसके बाद उन्हें इसकी सूचना परिजनों को दी। बताया जाता है कि शिवम तीन भाइयों में सबसे छोटा है। उसके पिता शैलेंद्र यादव बाहर रहते हैं और उसके दोनों बड़े भाई पिता के साथ रहते हैं। गांव पर शिवम अपनी मां के साथ रहता था। शिवम के परिजनों ने उसके किसी भी पुरानी अदावत से इन्कार कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शिवम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद दिवारी, क्षेत्राधिकारी रसड़ा एसएन वैस, थानाध्यक्ष नगरा, फारेंसिक टीम, सर्विलांस टीम व अन्य पुलिस जवान मौजूद रहें।

# शादियाबाद में घर से पढ़ाई के लिए निकली छात्रा का अपहरण, पुलिस ने की सकुशल की बरामदगी

- कैथी टोल प्लाजा से आगे पुलिस ने ओवर ब्रिज पर आर्म्स के साथ आरोपी को पकड़ा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के शादियाबाद थाना क्षेत्र में गुरुवार को घर से कालेज के लिए निकली छात्रा का बोलेरो सवार दो युवकों ने अपहरण कर लिया। उसे कालेज छोड़ने के बहाने कार में बिठाया फिर वाराणसी की ओर लेकर चल दिए। वाराणसी हाईवे पर खानपुर क्षेत्र में पुलिस की चेकिंग देखी तो बस में सवार हो गए। पुलिस ने टोल प्लाजा पर बोलेरो के साथ चालक को दबोच लिया। उसकी निशानदेही पर बस से किशोरी को भी बरामद कर लिया हालांकि दूसरा साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस दोनों को लेकर थाने पहुंची और किशोरी के परिजनों को भी बुलाया। अपहरणकर्ता के खिलाफ तहरीरी के आधार पर केस दर्ज किया और कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। एसपी सिटी गोपीनाथ सोनी ने बताया कि गुरुवार सुबह सूचना मिली कि गुरैनी मोड से एक बोलेरो में किशोरी को अपहरण कर दो युवक वाराणसी की ओर जा रहे हैं। इसमें सूरज चौहान अपने साथियों के साथ किशोरी को सिल्वर रंग के बोलेरो में बैठा कर सादात की ओर भागा है। इंस्पेक्टर शादियाबाद घनानंद त्रिपाठी के साथ पुलिस टीम ने पीछा शुरू किया तो वाहन सैदपुर होते हुए सिधौना से कैथी की ओर जाने की लोकेशन मिला। घटना के संबंध में नियत्रंण कक्ष ने थाना सादात, बहरियाबाद, सैदपुर, खानपुर की चौकी सिधौना और वाराणसी के थाना चौबेपुर को अवगत कराया और सड़क पर बैरियर लगाकर चेकिंग की बात कही। कैथी टोल प्लाजा से आगे बढ़ते ही ओवर ब्रिज पर सिल्वर रंग की बोलेरो को थाना चौबेपुर पुलिस और पीआरवी ने घेरकर रोक लिया। बोलेरो के चालक मुबारकपुर कुदुरतुल्ला थाना शादियाबाद निवासी सूरज चौहान पुत्र सुरेन्द्र चौहान को हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर घनानंद ने पूछताछ की तो बताया कि गांव का प्रदीप चौहान पुत्र गूल्लु चौहान दूसरे गांव की किशोरी को गाजीपुर को प्राइवेट बस से लेकर सैदपुर की तरफ गया है। चालक सूरज चौहान को साथ लेकर पुलिस टीम ने अपहृता की तलाश करते हुए सैदपुर प्राईवेट बस स्टाप से बरामद कर लिया।

# बिजली उपभोक्ताओं के 900 करोड़ का बिल नहीं चुकाने पर कंपनी काट रही कनेक्शन

**केटी न्यूज/बलिया**



जिले में विजली विभाग के उपभोक्तओं पर 900 करोड़ का बिजली बिल बकाया है। जिसके बाद बिजली विभाग में हडकंप मच गया। सीधे सरकार के ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा को कमान संभालनी पड़ी। उनके निर्देश के बाद बलिया बिजली विभाग ने बड़े बकायेदारों के खिलाफ सख्त करवाई की कवायद शुरू कर दी है। विद्युत विभाग बड़े बकाएदारों के खिलाफ कार्रवाई में जुट गया है। बीते पांच दिनों में 1.84 करोड़ के बकाया में कुल 564 उपभोक्ताओं की बिजली काटी गई है। जिनमें पांच बड़े बकाएदार भी शामिल हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो जिले में 2.50 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं के यहां करीब 900 करोड़ का बकाया है। बकाया वसूली को लेकर समय-समय पर एकमुश्त समाधान योजना भी चला लेकिन अधिकांश बकाएदारों ने धनराशि जमा नहीं किया। अब विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है और बकाया वसूली में जुट गया है। बकाया वसूली के लिए पूरे जिले में विभागीय अधिकारियों, विजिलेंस व पुलिस की संयुक्त टीम की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता बलिया आरके जैन के निर्देश पर जिले के बड़े बकायदारों से बकाया बिल वसूली के लिए सघन चेकिंग अभियान चला रहा है।

## एक नजर

### पुलिस ने चेताया...चार पहिया वाहनों के शीशे पर लगी काली फिल्म को तुरंत उतार लें, वर्ना होगी कार्रवाई



वाहन काला स्टीकर हटाती पुलिस

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के निर्देश पर सीओ ट्रैफिक अशोक कुमार मिश्रा के देखरेख में प्रभारी यातायात निरीक्षक विश्वदीप सिंह ने बताया कि यातायात टीम द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें नो पार्किंग, बिना हेलमेट, तीन सवारी, फिटनेस फेल, बिना इन्सुरेंस एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवार्र की गई। जिसमें वाहनों का ई-चालान के साथ वाहनों को सीज भी किया गया। साथ ही चार पहिया वाहनों के सीशे पर लगे काले स्टीकर को अपने वाहनों से तत्काल उतारने का निर्देश दिये।

### रास्ता बनाने के लिए मकान तोड़े जाने की सूचना पर भड़के लोगों ने किया हंगामा



**बलिया।** शहर के गड़हा मोहल्ला स्थित भृगुजी कॉम्प्लेक्स जाने के लिए तीन रास्ते की जरूरत है। प्रशासन रास्ता खोलने के लिए पहले से बनाए गए दर्जनों मकान तोड़ेगा। जिसकी सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। जिसके बाद उन्होंने जमकर हंगामा किया। वहीं, नगरपालिका टीम चिन्हाकन कर तोड़े जाने वाले मकानों को अवैध कब्जा घोषित कर चुकी है। अतिक्रमण हटाने की कवायद चल रही है। इसकी खबर लगते ही वर्षों से रह रहे मोहल्लावासियों में भय व आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय निवासी धीरज गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों महिलाएं-पुरुष चेयरमैन अजय कुमार के मालगोदाम एलआईसी रोड़ स्थित कैम्प कार्यालय पहुंच प्रदर्शन किया। उन्होंने मकान न तोड़ने की गुहार लगाई। संजय कुमार पटेल ने कहा कि हम लोग परिवार के साथ वर्षों से रह रहे हैं। बिजली बिल, राशनकार्ड व अन्य जरूरी कागजात हैं। पिंटू गुप्ता ने कहा भृगु बाजार जाने के लिए रास्ते हैं। लेकिन प्रशासन जबरदस्ती मकानों को तोड़ना चाहता है। चेयरमैन ने जिला प्रशासन के समक्ष मामले को उठाने का आश्वासन दिया उसके बाद महिलाएं शांत हुईं। गड़हा मोहल्ला स्थित भृगु जी काम्प्लेक्स की दुकानों का आवंटन होने वाला है। उससे पूर्व सुरक्षा मानक को पूरा करने के लिए अन्य तीन रास्तों से अतिक्रमण हटाने की कवायद चल रही है। उसको लेकर मोहल्ले वासियों में आक्रोश व्याप्त है। अतिक्रमण के नाम पर किसी के घर को न उजाड़ जाए। इस दौरान संजय पटेल, पिंटू कुमार, मनोरमा देवी, गीता देवी, चांदनी पटेल, मनसा देवी, संजू देवी, अजय गुप्ता आदि शामिल रहे।

### मेडिकल उपकरण व सामान बना विवाद का कारण, पुलिस ने जब्त की पिकअप

**बलिया।** जिला मुख्यालय से नरही स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए भेजी गए मेडिकल उपकरण और कुर्सी से भरी एक छोटी पिकअप को लेकर गुरुवार को काफी हंगामा हुआ। जिसमें बिना इंडेंट के सामान लाने पर फार्मासिस्ट ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस गाड़ी को थाने ले आई और चालक से पूछताछ करने में जुट गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि 2:30 बजे के आसपास एक छोटी पिकअप बीपी मशीन, मेडिकल उपकरण और कुर्सी इत्यादि लेकर नरही सीएचसी पहुंची। चालक ने सामान को रिसीव करने के लिए सीएचसी के फार्मासिस्ट योगेंद्र कुमार से संपर्क किया। फार्मासिस्ट ने चालक से कागज लिया और उसकी जांच की। जहां कागजात पूरे न होने पर उसने स्टोरकीपर से फोन पर बात की। स्टोरकीपर ने बताया कि स्टोर से कोई भी सामान नहीं भेजा गया है।

## प्रवचन: इस कलयुग में भोग विलास व नास्तिक लोग मठ एवं मंदिरों में पहुंच गए हैं, इनसे संसार का कल्याण कभी नहीं होगा

# दान के माध्यम से ही संभव है लोगों का कल्याण: जीयर स्वामी

**केटी न्यूज/बलिया**

कलयुग में हर तरफ असत्य, छल, कपट, अन्याय का बोलबाला है। इस युग में धर्म सिर्फ दान पर टिका है। इसी के माध्यम से लोगों का कल्याण संभव है। यह बात पूज्य संत जीयर स्वामी जी महाराज ने कही। वह शुक्रवार को दुबहड़ के जनाड़ी स्थित जनेश्वर मिश्र सेतु के पास चातुर्मास व्रत स्थल पर प्रवचन कर रहे थे।

कथा के दौरान उन्होंने कहा कि भागवत कथा में इसकी चर्चा है। भगवान श्री कृष्ण के नित्यधाम जाते ही कलियुग का आगमन पृथ्वी पर हो गया। राजा परीक्षित ने कलि को सशरीर पकड़ लिया। वह चांडाल वेष में गाय और बैल को पैर से मारते हुए ले जा रहा था। राजा परीक्षित ने वृषभ रूपी धर्म से पूछा कि तुम्हारे तीन पैर किसने तोड़े। वृषभ ने कहा मैं धर्म हूं। मेरे चार पैर सत्य, तप, दया और दान हैं। सतयुग में धर्म के चारों पैर सुरक्षित थे। त्रेतायुग में सत्य कमजोर हो जाने से एक पैर टूट गया। द्वापर में सत्य और तप दोनों कमजोर हो जाने से दूसरा पैर टूट जाता है। कलयुग में सत्य, तप और दया तीनों कमजोर हो जाने से तीनों पैर टूट गए हैं। अर्थात इन तीनों की गरिमा नहीं रह जाती है। चारों तरफ छल, कपट, कलह, अनीति, अन्याय और अधर्म का बोलबाला हो जाता है। इस गुढ रहस्य की चर्चा करते हुए स्वामी जी ने बताया कि कलयुग में धर्म सिर्फ दान के बल पर टिका हुआ है। दान के माध्यम से ही लोगों का कल्याण हो सकता है। उन्होंने कहा जिस तरह धर्म के चार पुत्र हैं। उसी तरह अधर्म के चार पुत्र हैं - (1) लोभ (2) अनीति (3) कलह (4) दम्भ । यह चारों कलि के प्रभाव से धीरे-धीरे बलवान होते जाते हैं। इनके प्रभाव में जो आएगा। उसका धर्म भ्रष्ट होना तय है।



प्रवचन करते जियर स्वामी

**मंदिर व भगवान के बिना इंसान का जीवन निरर्थक :** मनुष्य रात-दिन महापाप करता है, इसके बावजूद यदि सच्चे मन से वह भागवत कथा सुने तो उसके पाप धूल जाएंगे। वह उसी समय से सदाचारी व संस्कारी बनने लगेगा। ज्ञान व बुद्धि यानि सरस्वती को ब्रम्हा जी ने ही बनाया। इसलिए भागवत कथा का महत्व और बढ़ जाता है। युक्त बातें सिमरी कालरात्री के प्रांगण में आयोजित सप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान जगतगुरू लक्ष्मीप्रन्न जीयर स्वामी जी ने कही। स्वामी जी ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसा ग्रंथ है जिससे ज्ञान व बुद्धि दोनों मिलती है। भोग विलास व नास्तिक लोग मठ एवं मंदिरों में पहुंच गए हैं। इनसे संसार का कल्याण कभी नहीं होगा। उन्होंने महापाप करने वालों के कार्यो को विश्लेषण करते हुए बताया कि शराब पीना, मांस खाना, वेश्यावृति करना, मंदिर में चोरी करना, गाय को कसाई के हाथों बेचना, राष्ट्रद्रोह, गर्भ में शिशु को मारना ये सब महापाप की श्रेणी में आते हैं।

**भागवत कथा पढ़ने व सुनने वाला नहीं करेगा कोई महापाप :** उन्होंने कहा कि सभी यदि भागवत कथा पढ़ने व सुनने लगे तो कोई महापाप नहीं करेगा। महापापी लोगों के कल्याणार्थ स्वामीजी ने कहा, ऐसे लोग यदि संकल्प के साथ भागवत कथा पढ़ने व सुनने लगे तो उनके अंदर अच्छे संस्कार जन्म लेने लगेंगे और वे दूसरे जन्म की विपदाओं से बच जाएंगे। मंदिर में मूर्ति पूजा को स्वच्छ मन से करने की बात को सही माना। उन्होंने कहा कि कोई भी यदि मूर्ति को सच्चे मन से भगवान का रुप मानकर पूजा करता है तो उसकी पूजा स्वीकार हो जाती है। उन्होंने कहा कि भगवान को प्रसन्न करने के लिए आपको कहीं जाना नहीं है। केवल भागवत कथा सुनने, पढ़ने ,गाय की सेवा करने तथा तुलसी का पौधा लगाने व उसके सींचने से ही प्रभू प्रसन्न हो जाते हैं।

### करमपुर में सांप के काटने से 11वीं की छात्रा की मौत

**गाजीपुर ।** खानपुर थाना क्षेत्र के करमपुर गांव निवासी 11वीं की छात्रा खुशी राजभर पुत्री मुराली राजभर (16वर्ष) की मौत सांप के काटने से हो गई। उसकी मौत की जानकारी घरवालों को तब हुई जब स्कूल जाने के लिए सुबह मां उसे जगाने गई। इस बीच मां ने जैसे ही उठाया, वो चारपाई से गिर गई। इसके बाद घर में हाहाकार मच गया। मां और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने देखा कि उसके दोनों पैरों में चार जगह सर्पदंश के निशान हैं। जिसके बाद वो उसे लेकर अमवा की सती माता लेकर गए और निराश होकर लौटे। परिजनों की माने तो सांप के काटने के बाद नींद में ही किशोरी की मौत हो गई। रोते बिलखते परिजनों ने शव का जलप्रवाह कर दिया।